


नवभारत
सतना, शनिवार, 27 दिसंबर, 2025 04

# रामनगर में तीसरी आंख की जरूरत, नहीं हो पा रही कार्यवाही

## बजट का अभाव बना बड़ा कारण ,कई बार के प्रस्ताव के बाद भी नगर में नहीं लग पा रहे सीसीटीव्ही कैमरे

▶ घटनाओं ,दुर्घटनाओं की नहीं हो पाती सही शिनाख्त, अपराधियों व अवैध परिवहन की भी नहीं हो पा रही निगरानी

**नवभारत न्यूज**

**रामनगर 26 दिसंबर, मैहर जिले के बाणसागर डूब विस्थापित आदर्श ग्राम नगर परिषद रामनगर जहां सैकड़ों ग्रामों व शहरों,नगरों के लोग आवास, निवास करते है,जहां हर तरह के सफेद व काले धंधों के थोक व फुटकर व्यापारी आते जाते रहते है ,तमाम बैंक संस्थान, सरकारी कार्यालय भी हैं.**

रामनगर थाना शांति सुरक्षा समिति की बैठकों में ,तमाम गणमान्य और जिम्मेवारों जबाबदारों की उपस्थिति में कई बार नगर के चौक चौराहों, व्यस्तम इलाको, शराब दुकान के सामने, ट्रेडर्स प्रतिष्ठान, पेट्रोल पंप आदि जगहों पर उच्च गुणवत्ता मानकों के सीसीटीव्ही कैमरे लगाए जाने की मांग नगर बासियो द्वारा उठाए जा चुकी है।

परिणाम स्वरूप कुछ कार्यालयों ,पेट्रोल पंप ,बैंक या प्रतिष्ठानों ने अपनी निजी सुविधा के हिसाब से अपने अंदर के ग्राहकों, कर्मचारियो की निगरानी के लिए दुकान ,कार्यालय के बाहर 4-6 मीटर दायरे



की फुटेज के सीसीटीव्ही कैमरे लगा लिए,लेकिन सार्वजनिक जगहों पर ,सार्वजनिक हित के हिसाब से कही भी अब तक स्थापित नही किये जा सके,जिसके चलते असमय सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले,घायल होने वाले लोगो के लिए कुछ नही हो पाता,न ही दुर्घटना/अपराध कारित करने वाले वाहनों की जानकारी हो पाती,वहीं चोर, नकबजन, उठाईगीर, अपराधी भी इसी का फायदा उठाकर आसानी से अपराध कर गायब हो जाते है,और जिम्मेवारो को हवा नही लगती,और तो और उक्त मार्ग से अवैध व प्रतिबंधित सामग्रियों से भरे भार वाहकों की खेपे पर खेपे निकलती है,अवैध मदिरा के भंडारण व विपडन का काम होता है, सीमेंट कम्पनियों के विस्फोटकों से भरी लारिया निकलती है,एटीएम में कैश रखने वाहन आते जाते है जिसकी कोई जानकारी भी स्थानीय प्रशासन को नही हो पाती,जबकि नगर वासी लगातार नगर के चौक चौराहों में सीसीटीव्ही कैमरे लगाने की मांग कर रहे है,लेकिन ऐसा लगता है कि सार्वजनिक स्थानों में अगर सीसीटीव्ही कैमरे लग जायेंगे तो जो नगर के अंदर व बाहर बेखौफ अवैध पदार्थो,के परिवहन ,भंडारण, विपडन का जो थोक व फुटकर व्यवसाय हो रहा है,उस पर प्रशासन की नजर पड़ जाएगी, राजस्व चोरी की जानकारी होने लगेगी,नगर की जनता को भी अपराधों से बचने में कुछ सहूलियत मिलने लगेगी,अगर, नगरीय प्रशासन विभाग व गृह मंत्रालय से सम्बंधित जिम्मेवार इस मामले में भी संज्ञान लेकर उक्त दिशा में कुछ सकारात्मक पहल कर सके तो बेहतर होगा,इससे जंहा अपराधों, दुर्घटनाओं की पड़ताल में अहम जानकारी मिल सकेगी वहीं अपराधियो की धर पकड़ व शिनाख्त भी आसान होगी।




# साढ़े 3 लाख गबन के आरोपी को बनाया रीछूल सहकारी समिति का सहायक प्रबंधक

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 26 दिसंबर, मध्य प्रदेश में सहकारिता विभाग अजब और गजब के लिए जाना जाता है । जिसका उदाहरण सेवा सहकारी समिति रीछुल का नया निर्णय है , जिसमें साढ़े तीन लाख गबन के आरोप में जेल जा चुके अनिल कुमार रावत को समिति का सहायक प्रबंधक बना दिया गया है जो अब धान खरीदी केंद्र का संचालन करेगा।**

नागौद विधायक नागेंद्र सिंह के द्वारा अनिल कुमार रावत को कई बार हटाने के लिए जिला प्रबंधक एवं उपायुक्त सहकारिता विभाग पत्राचार कर चुके हैं। खाद्यान्न की कालाबाजारी के आरोप में पुलिस ने सेल्समेन अनिल कुमार रावत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था , थाना प्रभारी पवन राज के द्वारा बताया गया था कि रीछुल के ग्रामीणों को 6 माह से खाद्यान्न ना मिलने की शिकायत किए जाने पर , खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी दीपक परमार पुत्र स्वर्गीय रतनलाल को जांच के लिए भेजा गया जिन्होंने गांव जाकर पता किया कि सेल्समेन अनिल कुमार रावत निवासी नैड़वां उम्र 45 वर्ष के द्वारा घर-घर में जाकर अंगूठा लगवा लिया जाता था और खाद्यान्न नहीं दिया जाता था इसके अलावा खाद्य अधिकारी ने दुकान का स्टॉक रजिस्टर मिलान किया तो 3ः30 लाख की खाद्यान्न की कालाबाजारी पकड़ में आई थी। उन्होंने प्रतिवेदन के साथ थाने में शिकायत की जिस पर धारा 420 वस्तु अधिनियम की धारा 3 व 7 के तहत कायम कर विक्रेता अनिल कुमार रावत को जेल भेज दिया गया था, जिसमें 90 दिन के बाद हाई कोर्ट जबलपुर से जमानत मिली, इसके बाद आरोपी को कुछ दिन बीत जाने के बाद सहकारिता विभाग सतना के उच्च अधिकारियों की मिली भगत से तत्काल सहायक समिति प्रबंधक रीछूल का प्रभाव दे दिया गया और खरीदी केंद्र का भी संचालन करवाया गया एवं एक बार फिर रीछूल समिति में खरीदी केंद्र बनाया गया है जिसमें कालाबाजारी का आरोपी अनिल कुमार रावत एक बार फिर खरीदी केंद्र में खरीदी का संचालन कर रहा है अब देखना यह है कि सहकारिता विभाग के अधिकारी इस भ्रष्ट अधिकारी को तत्काल प्रभाव से हटाते हैं कि नहीं या फिर ठंडे बस्तर पर डाल देते हैं ।




# वीर बाल दिवस पर सुरेन्द्रपॉल ग्रामोदय विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

▶ वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने दिखायी प्रतिभा, भारतीय संस्कृति की दिखी झलक

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 26 दिसंबर, दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित सुरेन्द्रपॉल ग्रामोदय विद्यालय में छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से विद्यालय द्वारा विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।**

इसी कड़ी में शुक्रवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें ऐतिहासिक नाटक बीर बालक, नृत्याभिनय, गीत, प्रहसन, राष्ट्रीय समूह गीत, प्रादेशिक लोकनृत्य, कवि सम्मेलन, नशामुक्त भारत, कव्वाली, पिरामिड आदि सुसज्जित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। नन्ही दुनियां के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत यादों की बारात, चले जैसे हवाएं सनन- सनन तो प्राथमिक के बच्चों द्वारा प्रस्तुति हरी भरी धरती माँ, गीत गा रहे हैं आज हम ने भी खूब धूम मचाई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ रामनारायण त्रिपाठी संचालक गायत्री शक्तिपीठ, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो राजेन्द्र लखपाले कुलगुरु सन्त गहरागुरु विश्वविद्यालय सरगुजा छत्तीसग? , शारदा प्रसाद त्रिपाठी रजिस्ट्रार, निखिल मुण्डले प्रधान सचिव दीनदयाल शोध संस्थान, अपराजित शुक्ल सचिव, अभिताभ वशिष्ठ मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीनदयाल शोध संस्थान ने माँ वीणापाणी एवं महापुरुषों के समक्ष दीपप्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की, वहीं इसके बाद नृत्य, नाटक, भक्ति और देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुति को उपस्थित अभिभावकों ने खूब सराहा। अभिभावकों ने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और संस्कार के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सुरेन्द्रपॉल ग्रामोदय विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विद्यालय की प्रतिबद्धता दोहराई। प्राचार्य ने स्कूल की शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि विद्यालय के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# कलवलिया हाई स्कूल के 70 विद्यार्थियों ने की व्हाइट टाइगर सफारी की शैक्षणिक यात्रा




**नवभारत न्यूज**

**कोटर 26 दिसंबर, कलवलिया हाई स्कूल के 70 विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा रीवा स्थित व्हाइट टाइगर सफारी में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।**

यह शैक्षणिक भ्रमण समाजसेवी एवं उद्योगपति गुलाब शुक्ला द्वारा जनसहयोग मंच के माध्यम से आयोजित किया गया था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में वन्यजीवन, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता को लेकर विशेष उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। कार्यक्रम का एक विशेष एवं भावनात्मक क्षण तब देखने को मिला जब ताला थाना प्रभारी महेंद्र कुमार मिश्रा सफारी स्थल पर बच्चों से मिलने पहुंचे। श्री मिश्रा मूल रूप से पचली कलवलिया गांव के निवासी हैं। अपने गांव के बच्चों को इस प्रकार शैक्षणिक भ्रमण पर देखकर उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और बच्चों से आत्मीय संवाद किया। बच्चों के बीच समय बिताते हुए वे भावुक एवं प्रसन्न नजर आए।

## कांग्रेस का स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**अमरपाटन,** ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन मैहर रोड में किया गया किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष व अमरपाटन विधायक डॉ राजेन्द्र



कुमार सिंह एवं जिला अध्यक्ष धर्मेश घई, कांग्रेस प्रदेश सचिव विक्रमादित्य सिंह गिनी भैया अध्यक्ष नगर परिषद रामनगर दीपा दीपू मिश्रा, अध्यक्ष नगर परिषद अमरपाटन समर सिंह सहित पदाधिकारियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में सभी अतिथियों ने विधानसभा क्षेत्र में अमरपाटन ब्लाक ,रामनगर ब्लाक और ताला ब्लाक के नवनियुक्त अध्यक्षों को माल्यार्पण कर बधाई देते हुये कांग्रेस को क्षेत्र में मजबूती देने की बात कही।

## बाबूपुर में कबड्डी फेडरेशन कप होगा

**कोटर 26 दिसंबर,** जिला एमेच्योर कबड्डी के संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बराज और मध्यप्रदेश कबड्डी के सचिव जे सी शर्मा के अथक प्रयास से बाबूपुर में महिला और पुरुष दोनों का कबड्डी फेडरेशन कप कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जहां जल्द ही आप लोगों के समक्ष देश विदेश की महिला पुरुष कबड्डी का महामुकाबला देखने का मौका मिलेगा।

ऐसे दोनों महानुभावों का सभी खिलाडी और सभी कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी सुदीप सिंह भोदू बाबूपुर ने खेल प्रेमियों की ओर से धन्यवाद दिया।

# करही कला में घटिया रोड निर्माण की जल्द होगी जांच

▶ 5 माह में ही रोड़ से सिमटने लगी गिट्टी

**नवभारत न्यूज**

**उचेहरा 26 दिसंबर, यह है पंचायती राज का विकास जहां शासन के पैसों का इस तरह से बंदरबांट अपनी राजनीतिक रोटी सेंक के किया गया इस पूरे विकास में पंचायत के सभी जिम्मेदारो पर जांच उपरांत जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।**

अगर विकास की एक झलक देखना है तो पंचायत के सरपंच महोदया के घर से धोबियान मोहल्ला तक देखिये ।जनपद के करहीकला में सरपंच महोदया के मोहल्ले में



करीब 5 माह पूर्व लाखों की लागत से पी सी सी रोड पंचायत ने बनाई थी जिस रोड का भुगतान भी हो चुका उसी मोहल्ले में कई माह पूर्व नाली के लिए खोदे गये गड्ढे आज भी उसी तरह प? हैं इसके पीछे की आखिर क्या वजह है यह कहा नही जा सकता । सूत्रों की माने तो सरपंच महोदया के पति जनपद से लेकर तहसील तक जिले के सांसद जी के सबसे करीबी होने दावा करते फिरते रहते हैं यह भी सही हो सकता है लेकिन सांसद जी का संसदीय क्षेत्र होने के नाते सब ही उनके करीबी है ।सूत्रों की माने तो उनके नाम का गलत उपयोग कर बिना मतलब अधिकारियों पर हर काम मे दबाव बनाना कही न कही उनकी क्षवि को धूमिल करना है ,अगर पंचायत ने घटिया निर्माण कराया है तो उसकी निष्पक्ष जांच जब होगी तब सच्चाई अपने आप सबके सामने आजायेगी। सोशल मीडिया में करहीकला के घटिया रो? निर्माण को स्वत: संज्ञान में ले जल्द जांच उपरांत कार्यवाही करने का भरोशा सी ई ओ ने दिलाया। ग्रामीणों ने भी शासन प्रशासन से बिना किसी दबाब के वैधानिक रूप से जांच कराने की मांग कर रहे हैं। घटिया रोड निर्माण की खबर समाचार पत्रों में चलते ही सरपंच पति का जनपद के चक्कर लगने तेज हो गये।

### इनका कहना है

हमारे वार्ड में बहुत ही घटिया रोड का निर्माण हुआ है ,रोड 5 साल के लिए बनती है लेकिन 5 माह में ही रोड से कोई गिट्टी समेट ले ।

**सोमू खान, वार्ड वासी**

जल्द ही करहीकला में बनी पी सी सी रोड की जांच कराई जाएगी ,कोई भी हो शासन के पैसों का दुरुपयोग की जांच होगी ।



**ओ पी अस्थाना**
**जनपद सी ई ओ**

# वार्ड नंबर 5 में गंभीर समस्याएं , टूटा बिजली का खंभा एवं टूटी नाली से लोग परेशान



**नवभारत न्यूज**

**कोठी 26 दिसंबर, स्थानीय गौवीनाथ चौराहे के निकट वार्ड नंबर 5 में इन दिनों गंभीर समस्या बनी हुई है चौराहे से तालाब मार्ग में जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिससे मोहल्ले के निवासी और अधिक परेशान होते हैं।**

हालात इस समय ऐसे हो चुके हैं कि बिजली का खंभा बीच सड़क पर लगा हुआ है वह भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त है टेढ़ा मेढ़ा तो है ही साथ ही नीचे से पूरी तरह गल चुका है और बंदर आकर उसमें कूदते हैं खंबे के आमने-सामने अगल-बगल चारों दिशाओं में घर है और तारे भी लटक रही हैं जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है मोहल्ले के लोगों ने बताया कि इस गंभीर समस्या के लिए बिजली विभाग सहित सभी जिम्मेदार लोगों को कई बार अवगत कराया जा चुका है फिर भी किसी भी जिम्मेदार ने आज तक इसे सुधरवाए जाने के लिए ध्यान नहीं दिया और गंभीर घटना को दावत दे रहे हैं क्योंकि खंभा नीचे से पूरी तरह गल चुका है और बंदर के कूदने से पूरा खंभा हिल जाता है जिससे वह टूटकर कभी भी गिर सकता है और लोहे का खंबा होने की वजह से करंट भी फैल सकता है साथ ही आवागमन में भी काफी परेशानी होती है दूसरी बड़ी समस्या अलग से एक और आ गई है खंबे की वजह से मटेरियल से लोड ट्रैक्टर नाली के ऊपर से निकल गया जिससे नाली का छज्जा टूट गया है और नाली भी टूटकर धंस गई है जिससे मोहल्ले की तरफ कचरा गाड़ी भी नहीं मुड़ पाती है जिससे मोहल्ले में और समस्या आ गई है।

### इनका कहना है

मोहल्ले के निवासी **प्रमोद शर्मा** ने बताया कि इसे सुधार करवाये जाने के लिए हम लोगों ने नगर परिषद



एवं बिजली विभाग के जिम्मेदारों को अवगत कराया परंतु आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया जिस दिन पर दिन हालात और बुरे होते जा रहे हैं और लोगों की जान पर भी बात आ सकती है, मोहल्ले के निवासी प्रमोद शर्मा ने बताया कि खाम टी पिछले कई महीनों से क्षतिग्रस्त है टेढ़ा-मेढ़ा तो है ही साथ ही नीचे से गल चुका है बंदर जाकर इसमें कुत्ते हैं जिससे यह कभी भी टूटकर किसी के ऊपर भी गिर सकता है जिम्मेदारों को इसे तत्काल मानव देना चाहिए जिससे लोगों की जान पर बात ना आए मोहल्ले के लोगों द्वारा कई बार जिम्मेदारों को अवगत भी कराया गया परंतु उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता लगता है बड़ी घटना के इंतजार में है ।

मोहल्ले के ही निवासी **डीके शर्मा** ने बताया कि खंभा की वजह से कभी भी कोई हादसा हो सकता है साथ



ही इसी खंबे की वजह से आवागवन में काफी समस्या हो रही है बीच सड़क पर होने की वजह से वाहन सही तरीके से नहीं निकल पाते जिससे वाहन नाली के ऊपर से जाते हैं मटेरियल से लोड ट्रैक्टर खंभे की वजह से सही से नहीं निकल पा रहा था जिससे वह नाली का सहारा लिया जिससे नाली टूट गई और धंस गई अब कचरा गाड़ी के मोड़ने में भी परेशानी होती है जिससे मोहल्ले में और अधिक समस्या आ रही है खंभा और नाली दोनों मोहल्ले वासियों के लिए परेशानी का सबब है दोनों को तत्काल सुधरवाया जाना चाहिए क्योंकि जिम्मेदारों को इस समस्या की जानकारी भी है परंतु उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता।

## दिदौंध की जनक दुलारी नहीं रही

**कोठी 26 दिसंबर,** दिदौंध निवासी कांग्रेस नेता रघुराज सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती जनक दुलारी का निधन हो गया। उनके ना रह जाने से घर परिवार स्नेही जनो सहित क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। पिछले 25 दिसंबर को सुबह उनका स्वर्गवास हो गया उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में किया गया गांव सहित आसपास के क्षेत्र के सैकड़ों लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए। जिसमें अजय सिंह उमेश सिंह सहेंद्र सिंह विजय राज सिंह मनिंदर सिंह कृष्ण भान सिंह बृजेश गर्ग सोनू राकेश सिंह बबलू विनय सिंह सतीश पांडे धीरेंद्र सिंह उमाशंकर पांडे उमेश डोहर राजेश कुशवाहा सहित सैकड़ो लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की.



# ग्राम पंचायत प्रांगण में स्थापित होगी बाबा साहब की प्रतिमा

**नवभारत न्यूज**

**मुकुन्दपुर 26 दिसंबर, मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा वर्षो से स्थापित कराने का अब इंतजार खत्म हो गया।**

देखने को मिला कि सेवानिवृत्त सैनिक/भूतपूर्व सरपंच कौशलेंद्र शरण शुक्ला ने ग्राम पंचायत में पक्ष रखा कि लम्बे समय से संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा इस आशय से रखी है कि ग्राम पंचायत प्रांगण में प्रतिमा स्थापित कराई जाये जिसे सर्व



समाज के लोगों ने समर्थन किया कि ग्राम पंचायत भवन और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मैन गेट के सामने प्रतिमा स्थापित कर अनावरण किया जाये। जिन्हें स्थापित कराने के लिए सरपंच/सचिव ने आश्वासन दिये कि एक सप्ताह के अंदर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थापित कर अनावरण कराया जायेगा। जिससे सभी लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# सांदीपनि स्कूल मझगंवा में दो पालियों में मनाया गया वीर बाल दिवस

▶ बाल वीरों की गाथा से रू-ब-रू हुए छात्र, प्रधानमंत्री के उद्बोधन का हुआ सजीव प्रसारण

**नवभारत न्यूज**

**मझगवां 26 दिसंबर, जिला प्रशासन सतना के तत्वावधान में माधवम ईप्सा फाउंडेशन के समन्वय से सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मझगंवा में वीर बाल दिवस का आयोजन देशभक्ति एवं प्रेरणादायक वातावरण में दो पालियों में किया गया।**



कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को सिख इतिहास के अमर बाल वीरों के जीवन पर आधारित प्रेरक फिल्म दिखाई गई, जिससे बच्चों में साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हुई।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीर बाल दिवस पर दिए गए उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी विद्यार्थियों को दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में बाल वीरों के अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल विशिष्ट अतिथियों में प्राचार्य राजेंद्र उपाध्याय, भारती अरोड़ा, प्रधानाध्यापक दल प्रताप सहित कार्यक्रम में माधवम ईप्सा फाउंडेशन के निदेशक आशीष कुमार सेन राकेश गौतम, निर्मल मांझी, इंद्रभान आज़ाद, पवन कुमार एवं अन्य शिक्षकगण, गणमान्य जन शामिल हुए। दो पालियों में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी वर्गों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

वक्ताओं ने बाल वीरों के जीवन से प्रेरणा लेकर विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम ने बच्चों के मन में देश के इतिहास के प्रति सम्मान और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध को और अधिक सुदृढ़ किया।

# किंडरगार्टन प्ले स्कूल नागौद में दादा दादी सम्मेलन आयोजित

▶ चेयर रेस में मन्नालाल सोनी एवं श्रीमती सविता सुंदरानी विजेता

**नवभारत न्यूज**

**नागौद 26 दिसंबर, किंडरगार्टन प्ले स्कूल नागौद में दादा दादी, नाना नानी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ धीरेन्द्र सिंह रहे,कार्यक्रम की अध्यक्षता रविशरण त्रिपाठी ने किया ,विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के अध्यक्ष रामकरण सोनी मंचाशीन रहे।**







कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के समक्ष द्वीप्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में भारतरत्न महामना मदनमोहन मालवीय एवं अटल बिहारी बाजपेई जी के छाया चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। सभी अतिथियों का सम्मान शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्कूल डायरेक्टर राकेश कुमार सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे आरुशी गौतम द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का सम्मान में स्वागत भाषण स्कूल डायरेक्टर राकेश कुमार सोनी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया। कार्यक्रम में एलकेजी से 5 वीं तक के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात दादा दादी की चेयर रेस का आयोजन किया किया। दादा ग्रुप में मन्नालाल सोनी विजेता एवं रमेश कुमार सोनी उपविजेता रहे। दादी ग्रुप में श्रीमती सविता सुंदरानी विजेता एवं श्रीमती सविता पाठक उपविजेता रही। विजेता एवं उपविजेता दोनों का सम्मान शाल ,श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता दादा दादी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। दादा दादी की चेयर रेस ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का खूब मनोरंजन किया,सभी ने कहा कि आज बचपन के दिन याद आ गए। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता लाल रमाकांत सिंह , राघवेंद्र सिंह ,श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। छात्र छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष के अतिरिक्त श्रीमती पुष्पा सिंह,श्रीमती अन्नपूर्ण सिंह राघवेंद्र सिंह एवं गुलाबदास अग्रवाल ने छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि मैं तो इस विद्यालय की स्थापना से ही जुड़ा रहा हूं। विद्यालय द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन,श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षकों का छात्र छात्राओं के प्रति स्नेह ही इस विद्यालय की निरंतर प्रगति का कारण है। अपने अध्यक्षीय आशीष में रविशरण त्रिपाठी ने कहा कि मेरे दो नाती इस विद्यालय में अध्ययनरत है,इसकी प्रत्येक गतिविधियों की मुझे जानकारी रहती है । विद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहते है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी दादा दादी का अतिथियों का साथ सामूहिक फोटो सेशन हुआ।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वन्देमातरम से हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती हिना मंसूरी एवं श्रीमती प्रियंका सिंह द्वारा किया गया। श्रेष्ठ कार्यक्रमों की तैयारी के लिए मुख्य अतिथि द्वारा श्रीमती कंचन तिवारी,श्रीमती रंजना सिंह ,श्रीमती प्रियंका सिंह,सुश्री आयुषी वर्मा एवं श्रेष्ठ संचालन के लिए श्रीमती हिना मंसूरी को स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया।